कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.02.2025

विषयः- कुल 1.290 कि0ग्रा0 अवैध गांजा के साथ अभियुक्त अकबर अली थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान अभियुक्त अकबर अली पुत्र स्व0 गुलाम अली निवासी ग्राम खरका कोटवा थाना लोहता जनपद वाराणसी को दिनांक-04.02.2025 को समय करीब 23.05 बजे अयोध्यापुर पानी टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 1.290 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0032/2025 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त अकबर अली ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे हाँथ मे जो झोला है उसमे नाजायज गांजा रखा हुआ हैं जिसे मैं बेचने के लिए लेकर जा रहा था, अचानक आप लोगों को देखकर मैं घबड़ा गया और भागने का प्रयास किया लेकिन आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अकबर अली पुत्र स्व0 गुलाम अली निवासी ग्राम खरका कोटवा थाना लोहता जनपद वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- अयोध्यापुर पानी टंकी के पास से, दिनांक-04.02.2025 को समय करीब 23.05 बजे।

बरामदगी का विवरण- कुल 1.290 कि0ग्रा0 अवैध गांजा बरामद।

आपराधिक इतिहास-
1- मु0अ0सं0-0032/2025 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1.प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 विशाल कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

3.उ0नि0 विपिन सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

4.हे0का0 हसंराज पाल थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

5.हे0का0 भागीचंद प्रसाद थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।